PendulumEdu







करेंट अफेयर्स

28-11-2019

# करेंट अफेयर्स

**28th November 2019**

www.pendulumedu.com

## करेंट अफेयर्स – 28 नवंबर 2019

### 1. सरकार का लक्ष्य 'मिशन उम्मीद' के द्वारा जम्मू कश्मीर में गरीबी कम करना है।

- जम्मू और कश्मीर आजीविका मिशन, जिसे 'उम्मीद' के नाम से जाना जाता है, का उद्देश्य इस केन्द्र शासित प्रदेश में गरीबी को कम करना है।
- इस मिशन के द्वारा सरकार गरीब परिवार को न केवल गरीबी के चक्र से बाहर लाना चाहती है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास भी जगाना चाहती है।
- मिशन उम्मीद को 2011 में लॉन्च किया गया था। यह आज भी अपने विस्तार मोड़ में राज्य में जारी है।
- ग्रामीण आजीविका मिशन गरीबी को कम करने वाले 7 चरणों में कार्य करता है।
    - गरीबों की पहचान करना।
    - गरीबों को संगठित करना।
    - उनकी क्षमता का दोहन करने के लिए अनुकूल वातावरण का निर्माण करना।
    - उन्हें पूँजी का मार्ग दिखाना।
    - उन्हें सही आजीविका, सामाजिक सुरक्षा देना।
    - सुरक्षित आहार तक पहुँच सुनिश्चित करना।
    - गरीबों को उनके वातावरण, कल्याणकारी योजनाओं और अधिकारों के प्रति जाग्रत करना।

### 2. 47 वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस (AIPSC) का आयोजन लखनऊ में।

- उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 47वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस (AIPSC) का शुभारंभ आज से किया गया है। यह कार्यक्रम लखनऊ में दूसरी बार आयोजित किया जा रहा है।
- इस दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन **पुद्दूचेरी की उपराज्यपाल और सेवानिवृत आई पी एस अधिकारी किरण बेदी** के द्वारा किया जाएगा।

- केन्द्रीय ग्रह मंत्री अमित शाह समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे।
- यह कार्यक्रम **ग्रह मंत्रालय** और **पुलिस अनुसंधान एवम् विकास ब्यूरो** के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।
- इस वार्षिक मस्तिष्क मंथन का प्रारम्भ 1960 में हुआ था।
- इस आयोजन के दौरान 6 सत्र होंगे जिसमें पुलिस अधिकारी, शिक्षाविद, शोधकर्ता, न्यायिक और वैज्ञानिक विशेषज्ञ अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे।

## 3. असम सरकार ने तम्बाकू उत्पादों पर प्रतिबंध लगाया।

- हाल ही में असम सरकार के द्वारा राज्य में गुटका, पान मसाला और किसी प्रकार के चबाने वाली वस्तुओं के उत्पादन और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।
- साथ ही खाद्य सुरक्षा आयुक्त के आदेश में भी कहा गया है कि तम्बाकू या निकोटिन वाली किसी वस्तु के उत्पादन, भंडारण, बिक्री, प्रदर्शन और परिवहन पर राज्य में एक साल के लिए प्रतिबंध रहेगा।
- राज्य सरकार ने यह निर्णय तम्बाकू सेवन के खतरे को ध्यान में रखकर लिया है। जिसके कारण कई लोग अपनी जान गवां चुके हैं।
- इससे पूर्व 2013 में भी असम सरकार ने तम्बाकू उत्पादों पर एक साल के लिए प्रतिबंध लगाया था।
- महाराष्ट्र, बिहार और राजस्थान में तम्बाकू और पान मसाला पहले से ही प्रतिबंधित है।

## 4. उद्धव ठाकरे आज महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे।

- शिव सेना प्रमुख उद्धव ठाकरे आज **राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के** समक्ष महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।
- वे शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस गठबंधन सरकार नेतृत्व करेंगे।
- उद्धव, ठाकरे परिवार के पहले सदस्य हैं जो मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे।
- शपथ समारोह आज शाम शिवाजी पार्क, मुम्बई में आयोजित किया जाएगा।

- हाल ही में उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस से फ्लोर टेस्ट के द्वारा बहुमत साबित करने के लिये कहा था, जिसके बाद उन्होंने पद से त्याग पत्र दे दिया था।
- उसके बाद अब उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। जिन्हें राज्यपाल द्वारा 3 दिसम्बर तक विधान सभा में बहुमत साबित करने का समय दिया गया है।

**5. न्यूज़ेन मोबिलिटी समिट 2019 का आयोजन गुरूग्राम में।**

- न्यूज़ेन मोबिलिटी समिट 2019 का आयोजन 27–29 नवंबर के मध्य आई एम टी (IMT) **मानेसर, गुरूग्राम** में किया जा रहा है।
- इस सम्मेलन की थीम है– ***"स्मार्ट एण्ड ग्रीन मोबिलिटी"***
- इस अवसर पर केन्द्रीय सड़क और परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी ने भविष्य की प्रौद्योगिकी को ध्यान में रखते हुये एथनौल, मेथनौल, बायोडीजल और बायो सीएनजी से चलने वाले वाहनों के उत्पादन पर जोर दिया।
- साथ ही मोटर वाहन अधिनियम में नवाचार और अनुसंधान को प्रोत्साहन करने की बात भी कही।

**6. दादरा, नगर हवेली और दमन दीव को मिलाकर एक केन्द्र शासित प्रदेश बनाने संबंधी विधेयक लोकसभा से पारित।**

- लोकसभा के द्वारा दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव को मिलाकर एक केन्द्रशासित प्रदेश बनाने संबंधी विधेयक लोकसभा से पारित कर दिया गया है।
- इसके बाद अब केन्द्र शासित प्रदेशों की संख्या **नौ** से घटकर **आठ** हो जाएगी।
- इस विलय का उद्देश्य प्रशासनिक खर्च को कम करना और इन क्षेत्रों के लोगों को सरकारी सुविधाएं अधिक बेहतर ढ़ंग से उपलब्ध कराना है।

**7. स्पेशल प्राटैक्शन ग्रुप–एस पी जी (SPG) संशोधन विधेयक 2019 पारित कर दिया गया है।**

- लोकसभा ने स्पेशल प्रोटैकशन ग्रुप संशोधन विधेयक 2019 पारित कर दिया है।

- इस विधेयक के अनुसार अब प्रधानमंत्री व उनके साथ रहने वाले परिजनों को एस पी जी सुरक्षा मिलेगी।
- साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री व उनके साथ सरकारी आवास में रहने वाले परिजनों को भी पांच वर्षो तक के लिये एस पी जी सुरक्षा दी जाएगी।

## 8. 15वें वित्त आयोग की अवधि सरकार ने 11 माह बढ़ाई।

- केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने 15वें वित्त आयोग की अवधि 11 माह बढ़ाकर 30 अक्टूबर 2020 तक कर दी है।
- आयोग शनिवार को अपनी अंतरिम रिर्पोट पेश करेगा। जिसमें वित्त वर्ष 2020–21 के लिए कर निर्धारित करने का सूत्र बताया जाएगा।
- यह सूत्र 31 मार्च 2020 तक के लिए है।
- 15वें वित्त आयोग को 2020–21 से 2025–26 की अवधि के लिए अपनी रिर्पोट बनानी थी। परंतु जम्मू कश्मीर का दर्जा बदलने के कारण आयोग को अंतरिम रिर्पोट देने के लिये अतिरिक्त समय की आवश्यकता थी।
- वित्त आयोग एक **संवैधानिक संस्था** है।
- भारत के संविधान **अनुच्छेद 280** के अंतर्गत वित्त आयोग का प्रावधान किया गया है।

## 9. कार्टूनिस्ट सुधीर दर का निधन।

- जाने माने **कार्टूनिस्ट सुधीर दर** का 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
- उन्होंने अपने करियर की शुरूवात 1961 में स्टेट्समैन अख़बार से की थी।
- हिन्दुस्तान टाइम्स में प्रतिदिन प्रकाशित होने वाले उनके कार्टून काफी लोकप्रिय थे।
- इसके अतिरिकत न्यूयॉर्क टाइम्स, वाशिंगटन पोस्ट और द इनडिपेंडेंट जैसे समाचार पत्रों में उनके कार्टून प्रकाशित हो चुके हैं।

## 10. एशियन तीरंदाजी चैंपियनशिप में अभिषेक वर्मा और ज्योति सुरेखा वेन्नाम की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता।

- 21वीं एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में अभिषेक वर्मा और ज्योति सुरेखा वेन्नाम की जोड़ी ने मिक्सड डबल की कंपाउंड स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत लिया है।

- वर्मा और ज्योति की जोड़ी ने चीन को हराकर यह खिताब जीता है।
- भारत ने इस चैंपियनशिप में 1 स्वर्ण, 2 रजत और चार कांस्य सहित कुल 7 पदक जीत लिये हैं।
- इस प्रतियोगिता का आयोजन **बैंकॉक, थाईलैंड** में किया गया था।

**<u>समसामयिक प्रश्नोत्तर</u>**

1. गरीबी निवारण के उद्देश्य से मिशन उम्मीद का क्रियान्वयन किस राज्य में किया जा रहा है?

a. केरल

b. जम्मू कश्मीर

c. कर्नाटक

d. बिहार

उत्तर– b

2. 47 वीं अखिल भारतीय विज्ञान कांग्रेस का आयोजन कहाँ किया जा रहा है?

a. हैदराबाद

b. नागपुर

c. लखनऊ

d. नई दिल्ली

उत्तर– c

3. हाल ही में किस राज्य सरकार ने तम्बाकू उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है?

a. गुजरात

b. असम

c. कर्नाटक

d. उत्तर प्रदेश

उत्तर– b

4. राज्य के मुख्यमंत्री को शपथ कौन दिलाता है?

a. प्रधानमंत्री

b. राज्यपाल

c. राष्ट्रपति

d. उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायधीश

उत्तर– b

5. हाल ही में गुरूग्राम में आयोजित न्यूजेन मोबिलिटी समिट 2019 की थीम क्या थी?

a. स्मार्ट एण्ड ग्रीन मोबिलिटी

b. सस्टेनेबल मोबिलिटी

c. इकोनोमिक मोबिलिटी

d. सस्टेनेबल एण्ड ग्रीन मोबिलिटी

उत्तर– a

6. दादरा और नगर हवेली एवं दमन दीव के एकीकरण के बाद अब देश में कितने केंद्रशासित प्रदेश होंगे?

a. 6

b. 5

c. 8

d. 9

उत्तर– c

7. एस पी जी संशोधन विधेयक, जो हाल ही में लोक सभा के द्वारा पारित किया गया है, में पूर्व प्रधानमंत्री व उनके आवास में रहने वाले परिजनों को कितने वर्ष तक एस पी जी सुरक्षा दी जाएगी?

a. 2 वर्ष

b. 3 वर्ष

c. 4 वर्ष

d. 5 वर्ष

उत्तर– d

8. भारत के संविधान में किस अनुच्छेद के अंतर्गत वित्त आयोग का प्रावधान किया गया है?

a. अनुच्छेद 360

b. अनुच्छेद 180

c. अनुच्छेद 280

d. अनुच्छेद 148

उत्तर– c

9. सुधीर दर जिनका हाल ही में निधन हो गया किस क्षेत्र से संबंधित थे?

a. चिकित्सक

b. गणितज्ञ

c. अभिनेता

d. कार्टूनिस्ट

उत्तर– d

10. 21 वीं एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में भारत ने कुल कितने स्वर्ण पदक जीते हैं?

a. 7

b. 2

c. 1

d. 4

उत्तर– c

Attempt Free SSC CPO Paper I Mock Test

Read Daily Current Affairs 27 November 2019-Hindi

Read Daily Current Affairs 27 November 2019-English

Read Banking/Financial Awareness 28 November 2019-English

Attempt Free IBPS CLERK PRELIMS Mock Test

**Banking, SSC, Railways, Defence, GATE, JEE, NEET & other Competitive Exams**

- Latest Exam Pattern
- Daily Current Affairs
- One to One Session
- Detailed Solutions
- Can be Taken on Web & Mobile

